हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 37 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

12 मेयर ने सफाई अधिकारियों को लगाई फटकार



12 कैंटोनमेंट बोर्ड के खिलाफ लोगों ने शुरू किया आंदोलन



## खबर संक्षेप

### आइसक्रीम वाले से लूट के आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 24 के पास उग्राखेड़ी मोड़ पर आइसक्रीम वाले से चाकू की नोक पर नगदी व मोबाइल फोन लूट करने वाले तीन आरोपियों पवन निवासी विद्यानंद कालोनी, भारत नगर, कमल निवासी गांव जलमाना, नितिन निवासी गांव चूनसा जिला शामली, यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि लूट के इस मामले में थाना चांदनी बाग में गांव मधईपुर खांडे गोंडा यूपी हाल किरायेदार उझा रोड निवासी अनिल यादव की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शराब ठेके पर मारपीट कर लूट का आरोपी काबू

**पानीपत।** पानीपत के गांव खुखराना में शराब ठेके पर मारपीट कर लूट करने के पाचवें आरोपी विशाल निवासी गांव नारा जिला पानीपत को सीआईए श्री पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस केस में साहिल, सुमित, साहिल निवासी गांव नारा व वैसरी गांव निवासी अमन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि इस मामले में थाना पुराना औद्योगिक में नारा गांव निवासी रामजस खर्ब की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दुकान के गल्ले से की नकदी और फोन चोरी

**पानीपत।** पानीपत में पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक शिव चौक पर सचिन की दुकान का शटर उखाड कर चोरों ने गल्ले से 1 लाख 75 हजार रुपए कैश व 3 मोबाइल फोन चोरी कर लिए। सचिन की शिकायत पर पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। इधर, पुलिस ने दुकान मालिक सचिन की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जहां सचिन की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, वहीं चोरी की इस वारदात से शिव चौक के दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है।

### मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में पंकज पुत्र रामधन निवासी गांव खोतपुरा जिला पानीपत को 1 किलो 516 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस टीम ने ड्यूटी मेजिस्ट्रेट एईटीओ सौरभ जैसवाल की मौजूदगी में आरोपी से मादक पदार्थ बरामद किया है। वहीं, आरोपी पर थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया और पंकज के साथियों को पकडने के लिए उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## कुरुक्षेत्र के जिला कार्यालय 'गीता कमल' का उद्घाटन समारोह

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने में भाजपा कार्यकर्ताओं का रहेगा योगदान : सुमन

### कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ बताया

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम नायब सैनी ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कार्यालय गीता कमल के उद्घाटन समारोह में बोल रही थी।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहेगा। इस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता की राष्ट्रवादी विचारधारा, संगठनात्मक और सेवा भावना की सोच है।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र के जिला कार्यालय गीता कमल के उद्घाटन समारोह में बोल रही थी।

इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर जिला कार्यालय गीता कमल का उद्घाटन किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश के जवान देश की सीमा की रक्षा करते हुए अपने प्राण तक नौछावर कर देते हैं, किसानों ने धरती को अपने पसीनो से सिंचा है और देश के नागरिकों का पेट भरने के लिए अन्न पैदा किया है। इसी तरह कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है, जो मौका आने पर अपना खून पसीना बहाते हुए पार्टी के लिए काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नमन है। इस के साथ ही धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के गीता कमल कार्यालय के उद्घाटन होने पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल इमारत नहीं है बल्कि यह पार्टी का प्रचार, प्रसार, रीति, रिवाज को जन-जन तक पहुंचाने का एक केंद्र है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में धर्म अधर्म पर हुए महाभारत युद्ध के दौरान गीता पैदा हुई। युद्ध के दौरान अर्जुन ने हताश और निराश होकर अपने हथियार गिरा दिए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्म ज्ञान व भक्ति ज्ञान का संदेश दिया, जिसमें मनुष्य का उद्देश्य स्पष्ट कर दिया और दुनिया भर में इसकी चर्चा हुई। उन्होंने कहा की गीता के संदेश को देश की जनता ने वर्ष 2014 में कांग्रेस रूपी कौरवों को चुनाव में हराकर सार्थक किया।

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : महिपाल ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पार्टी की रीति और नीति को जन जन तक लेकर जाने की जरूरत है। इस समय भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी हैं। भाजपा ने गीता की राह पर चलते हुए देश में सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास से विकास किया है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं को अपने दल को मजबूत बनाकर रखे जाने का काम करना है। भाजपा गीता की राह पर चलते हुए ज्ञान भक्ति और कर्तव्य की पहचान बनी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्यकर्ता इसी तरह से अपनी पार्टी को आगे बढ़ते हुए इस कार्यालय की शोभा को बढ़ाएंगे। इस मौके पर शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, नपा अध्यक्षा माफी ढांडा, चेयरमैन जयसिंह पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, रवि बतान सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस स्टेशन के बाहर सब इंस्पेक्टर की धुनाई

- पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किया व मारपीट करने वालों पर केस दर्ज, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

बीती देर रात्रि सदर पुलिस स्टेशन के बाहर कुछ लोगों द्वारा एक सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति पुलिसकर्मी को थप्पड़ मुक्के मारता दिखाई दे रहा है व कथित तौर पर पुलिस कर्मी के नशे में होने के कारण बताया जा रहा है।

वहीं इस मामले को लेकर ढांड रोड पर रहने वाली महिला गीता ने बताया कि उसका पति संजय कुमार ढांड रोड पर ढाबा चलाता है। शनिवार रात उसकी बेटी बीमार थी। उसको दवा दिलाने के लिए उसने पति को फोन किया था, मगर उसने फोन नहीं उठाया। कुछ देर बाद वो ढाबे पर गई तो यहां ढाबा बंद मिला।उसने दोबारा फोन किया तो दूसरे ढाबे वाले ने फोन उठाकर बताया कि उसका पति उसके पास ही बैठा हुआ है। उसने मौके पर पहुंचकर डायल-112 को फोन कर दिया। डायल-112 ने मौके पर पहुंचकर उनको सदर थाने में लेकर आ गई। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान थाने में मौजूद एक सब इंस्पेक्टर ने उसके पति के साथ बदसलूकी करते हुए थप्पड़ मार दिया। इस पर परिवार के लोग भड़क गए। वहीं वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि देखते ही देखते परिवार के एक व्यक्ति ने पुलिसकर्मी को गले से पकड़ कर मारपीट शुरू कर दी।

परिवार ने पुलिसकर्मी पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर सरकारी डयूटी में बाधा पहुंचाने, व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दंपति संजय,गीता ,बिट्टू व 1 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मामले की जांच

इस बारे बात करने पर डी.एस.पी. निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कर्मी को लाइन हाजिर करने व विभागीय जांच की सिफारिश की गई है। इसके अलावा पुलिसकर्मी से मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

# लाखों रुपये की हेरोइन के साथ सप्लायर गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक्स सेल ने आरोपी सप्लायर से बरामद की 18 लाख रुपये की 271 ग्राम हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी नशा तस्कर।

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव तिगरी दुसानी मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 271 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी पर उत्तर प्रदेश व हरियाणा में नशा सप्लाई करने के संबंध में करीब 20 मामले दर्ज हैं। जो कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उनके टीम को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश का एक नशे का सप्लायर नशे की बड़ी खेप लेकर जिले में बेचने के लिए बाइक पर सवार होकर आएगा। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर सतपाल सिंहए सोनूए एएसआई जसवीर सिंह हैप्पीए जयपाल मराठा व विमल ललित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर तिगरी दुसानी मोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। टीम को जैसे ही उत्तर प्रदेश की ओर से बाइक आती दिखाई दी तो उसे रुकने का इशारा किया मगर आरोपी बाइक चालक तेज गति से बाइक को भागने लगा। टीम ने आरोपी का पीछा कर उसे कुछ दूरी पर जाकर पकड़ लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 271 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी कीमत पुलिस के अनुसार करीब 18 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गंगोह के गांव बाड़ी माजरा निवासी इरफान के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया।

### आरोपी पर 20 केस

सेल के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी पर उत्तर प्रदेश में नशा तस्करी सहित विभिन्न धाराओं में 17 मुकदमे दर्ज है। जो कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी उत्तर प्रदेश में 300 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। आरोपी इस मामले में दो महीने पहले ही जेल से जमानत पर आया था। आरोपी ने आते ही फिर से जिले में नशे की सप्लाई शुरू कर दी। आरोपी पर 2022 में यमुनानगर में भी दो मामले इसी प्रकार के दर्ज है। आरोपी का घर भी उत्तर प्रदेश सरकार ने नशे को लेकर ही सीज किया हुआ है। पुलिस का दावा है कि इतना बड़ा सप्लायर पकड़े जाने के बाद जिले में कहीं ना कहीं नशे पर लगाम लगेगी।

# स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए 32 सदस्यीय टीम रवाना

- यह प्रतियोगिता 7 से 12 जुलाई तक बहादुरगढ़ में आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रवाना होने से पहले एकजुट स्विमिंग टीम।

जिला स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक समारोह में ऑल वेदर स्विमिंग पूल, वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम, अंबाला छावनी में 32 खिलाड़ियों की टीम को स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता 7 से 12 जुलाई 2025 तक बहादुरगढ़ में आयोजित की जा रही है।

एसोसिएशन की ओर से सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट वितरित की गई तथा उनके उज्जवल प्रदर्शन की कामना करते हुए टीम को रवाना किया गया। एसोसिएशन के प्रधान राजिंदर विज ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में अंबाला के खिलाड़ियों ने 42 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया था। अंबाला का स्विमिंग पूल काफी समय से बंद पड़ा है जिससे खिलाड़ियों की संख्या में गिरावट आई है। उन्होंने प्रशासन से इस विषय में गंभीरता से ध्यान देने की अपील की। प्रधान ने अंबाला के सभी स्कूलों के प्राचार्यों से आग्रह किया कि वे अपने छात्रों को इस स्विमिंग पूल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक बच्चे तैराकी की ओर आकर्षित हों और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर एसोसिएशन के उप प्रधान शमा लांबा, सचिव रामस्वरूप शर्मा, खजांची लोकेश, तथा खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# पांच बेटियों के लिए छात्रवृत्तियों की घोषणा

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से कुरुक्षेत्र की पांच असाधारण प्रतिभाशाली बेटियों के लिए फाउंडेशन की प्रमुख 'साक्षर' पहल के तहत आजीवन छात्रवृत्तियों की घोषणा की।

इसमें उनकी अपनी लाडवा निर्वाचन क्षेत्र की चार प्रतिभाशाली छात्राए भी शामिल है जो शिक्षा के माध्यम से बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक मनोबल बढ़ाने वाला कदम है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा की इन पांच बेटियों के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि शिक्षा हमारी बेटियों में किया जाने वाला सबसे शक्तिशाली निवेश है। मैं एम3एम फाउंडेशन द्वारा इस पहल का समर्थन करने पर गर्व महसूस करता हूँ और यह सुनिश्चित करता हूँ कि हरियाणा की ये प्रतिभाशाली बेटियाँ वित्तीय सीमाओं के कारण अपने सपनों को रुकने नहीं देंगी। यह छात्रवृत्ति उनके भविष्य के लिए एक वादा है।



## ट्रेन के भीतर से ही राज्य मंत्री ने किया ट्रैक का मुआयना

- चंडीगढ़- दिल्ली रेलवे ट्रैक का मुआयना करने के लिए विशेष ट्रेन में सवार होकर निकले राज्यमंत्री

**अंबाला।** चंडीगढ़-दिल्ली रेल खंड का रविवार को रेल राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी विशेष ट्रेन अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर भी कुछ देर के लिए रुकी। उनकी सुरक्षा को लेकर स्टेशन पर आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी तैनात रही। लगभग 10 मिनट के बाद उनकी ट्रेन दिल्ली की तरफ रवाना हो गई। रेल राज्य मंत्री ट्रेन के अंतिम डिब्बे में बैठे थे। यहां से वो एक कांच की खिड़की के माध्यम से रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर रहे थे। हालांकि इस दौरान वो ट्रेन से नीचे नहीं उतरे। लेकिन उनकी सुरक्षा से जुड़े कर्मचारी ट्रेन के ईद-गिर्द घेरा बनाकर खड़े रहे। जानकारी अनुसार चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू लगातार दौरे कर रहे हैं ताकि यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेलवे स्टेशन मिल सके। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के निर्माण का कार्य रेल भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा करवाया जा रहा है और इस पर लगभग 462 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस वर्ष अक्टूबर तक स्टेशन के निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जन शिकायतों का समय पर प्रभावी हो समाधान

- जिला सचिवालय में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि जनता की शिकायतों का पुलिस अधीकारी समय पर प्रभावी ढंग से समाधान करें। उन्होंने जिला सचिवालय में अपराध पर नियंत्रण करने को लेकर आयोजित पुलिस अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

मौके पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का जिला सचिवालय पहुंचने पर पुलिस महानिरीक्षक शिवास कविराज, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया, पुलिस अधीक्षक करनाल गंगाराम पूनिया, पुलिस अधीक्षक राजवीर देशवाल व एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने स्वागत किया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बैठक में सबसे पहले यमुनानगर जिले में क्राइम के मौजूदा हालात और पुलिस की कार्यप्रणाली पर फीडबैक लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समय पर प्रभावी ढंग से समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस को हर स्तर पर सतर्क रहना होगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस महानिदेश शत्रुजीत कपूर ने कहा कि फील्ड में रहने वाले अधिकारियों को जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए।

### मुस्तैदी के साथ काम करें

उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी हर शिकायत को गंभीरता से लें और उसका समाधान तय समय में करें । ताकि जनता को न्याय मिल सके। मौके पर पुलिस महानिदेश शत्रुजीत कपूर ने पुलिस अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

### अंबाला-जयपुर बस सेवा फिर शुरू, तीन महीने से बंद थी सर्विस

**अंबाला।** अंबाला से जयपुर के लिए रोडवेज ने दोबारा से सामान्य बस का संचालन शुरू किया है। इस बस में जयपुर का किराया 540 रुपये है। पिछले तीन महीने से अंबाला-जयुपर मार्ग पर बस का संचालन बंद था। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रोडवेज अधिकारियों ने जयपुर के लिए दो बसें लगाई हैं।

इसमें एक बस अंबाला छावनी से और दूसरी बस जयपुर से संचालन कर रही है। अंबाला सिटी बस अड्डे से रोजाना यह बस सुबह 4:40 बजे यात्रियों को लेकर जयपुर के रवाना होती है। इसके बाद यह बस अंबाला छावनी, पिपली, करनाल, पानीपत, दिल्ली, गुडगांव, धारूहेडा, पावर चौक, सांझापुर, इमराना, बहरोड, कोटपुतली, पांवटा, साहबपुरा, मलौरपुर होते हुए शाम 3:30 बजे से लेकर 4 बजे तक जयपुर पहुंचती है।

# गोदाम से अवैध यूरिया के 450 कट्टे बरामद

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कृषि विभाग की टीम ने गांव बीबीपुर व कनालसी के बीच में एक गोदाम में छापामारी कर वहां पर अवैध रूप से रखें 450 यूरिया खाद के कट्टे बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह यूरिया खाद कृषि योग्य खाद था। जिसे प्लाईवुड फैक्ट्री में सप्लाई करने के लिए रखा गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कृषि विभाग के उपमंडल अधिकारी अजय कुमार ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे शनिवार शाम को सूचना मिली थी कि गांव बीबीपुर व कनालसी के बीच में एक गोदाम बना हुआ है। जहां पर यूरिया खाद के अवैध कट्टे रखे हुए हैं।

सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गोदाम में छापामारी की। इस दौरान उन्हें वहां से यूरिया खाद के 450 कट्टे बरामद हुए। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद को अवैध रूप से गोदाम में रखा गया था। कृषि योग्य इस खाद को प्लाईवुड फैक्ट्री में सप्लाई किया जाना था। उपमंडल कृषि अधिकारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# महाराणा प्रताप पार्क बना लोगों के लिए योग साधना का केंद्र

## नपा रादौर पार्क के सौंदर्यीकरण व रखरखाव पर खर्च करेगी दस लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर का महाराणा प्रताप पार्क कस्बा व स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य लाभ के लिए वरदान साबित हो रहा है। पार्क में रोजाना सुबह और शाम के वक्त हजारों लोग जहां सैर करने पहुंच रहे हैं, वहीं, अधिकांश लोग पार्क में बैठक योग करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। नगर पालिका रादौर द्वारा लोगों की सुविधाओं के लिए पार्क में दस लाख रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

महाराणा प्रताप पार्क में योग व सैर करने पहुंचे रादौर निवासी मूलराज, ओमप्रकाश, भारत भूषण मेहता,वीके पुजारा, देवीदयाल व मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि करीब तीन एकड़ में पार्क बनाया गया है। जिसका रखरखाव नगर पालिका व रोटरी क्लब रादौर द्वारा किया जा रहा है। पार्क में राजपूत समाज द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशालकाय सुंदर प्रतिमा लगाई गई है। जो पार्क में आकर्षण का केंद्र है।

*रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में रोजाना सैंकड़ो लोग सैर करने के अलावा योग करके अपने स्वास्थ्य को कर रहे हैं स्वस्थ*



### म्यूजियम सिस्टम लगेगा

नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि पार्क की सुंदरता को बढ़ाने के लिए नपा करीब 10 लाख से अधिक की राशि खर्च करेगी। ज्लद ही पार्क में स्थानीय लोगों के मनोरंजन के लिए म्यूजिक सिस्टम लगाया जाएगा। जिससे पार्क की सैर करने वाले लोग म्यूजिक सिस्टम के द्वारा भजनो व गीतों का आनंद ले सकेंगे। पार्क में पेड़ों पर नई लाइटें लगाई जाएंगी। दीवारों पर डिजिटल पेंटिंग करवाई जाएगी। पार्क में दिव्यांगों के लिए अलग से झूले लगवाए जा रहे हैं। पार्क को सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता है।

### 2024 में 108 फीट ऊंचे तिरंगे का हुआ ध्वजारोहण

करीब सात वर्ष पहले कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के प्रयासों से रादौर में महाराणा प्रताप पार्क बना था। इससे पहले रादौर में कोई पार्क नहीं था। स्थानीय लोग रादौर में पार्क बनाए जाने की मांग दशकों से करते आ रहे थे। मगर किसी भी सरकार ने पार्क बनाए जाने की मांग पूरी नहीं की गई। 2017 में उस समय विधायक बने श्याम सिंह राणा ने पार्क बनवाने को लेकर सरकार से मांग पूरी करवाई। जिसके बाद स्थानीय पार्षदों ने पार्क बनाने का प्रस्ताव पास किया। तब जाकर लोगों की पुरानी मांग पूरी हुई। आज पार्क में जरूरतमंद परिवारों के लोगों के बच्चों के रिश्ते हो रहे हैं। परिवार अपने बच्चों के रिश्ते पार्क में कार्यक्रम करके कर रहे है। पार्क के चौकीदार दयाल सिंह ने बताया कि पार्क में हर शनिवार व रविवार को 3 से 4 परिवारों के बच्चों के रिश्ते होते हैं। यह पार्क जरूरतमंद परिवारों के लिए भी वरदान साबित हुआ है। पार्क में रोजाना हजारों लोग सुबह और शाम को सैर करने के साथ साथ योग कर रहे हैं। पार्क में रोटरी क्लब की मांग पर सांसद नवीन जिंदल ने 10 अगस्त 2024 को स्वयं पार्क में आकर 108 फुट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया था।

---

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार युवकों ने महिला से झपटा पर्स

**यमुनानगर।** कैंप बाजार में सामान लेने आई महिला से बाइक सवार दो युवकों ने पर्स झपट लिया। पर्स में मोबाइल व दो सौ रूपये थे। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रणजीत कॉलोनी निवासी रुचि देवी ने बताया कि वह पांच जुलाई को शाम कैंप बाजार में किसी काम से आई थी। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझती उसके हाथ से पर्स झपट लिया। पर्स में उसका मोबाइल व दो सौ रूपये थे। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गए।

### लकड़ी की फट्टी से युवक पर हमला, घायल

**यमुनानगर।** जगाधरी की ओमेक्स सिटी में कहासुनी पर एक व्यक्ति ने युवक पर लकड़ी की फट्टी से हमला कर घायल कर दिया। घायल अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव महमूदपुर निवासी वसीम ने बताया कि उसका भाई सारीज ओमेक्स सिटी में किसी काम से गया था। वहां पर उसका राजेंद्र शर्मा के साथ किसी बात पर विवाद होने पर आरोपी ने लकड़ी की फट्टी से उसके भाई पर हमला कर दिया। सिर में फट्टी लगने से उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। घायल अवस्था में उसके भाई सीरीज को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

---

### लाभपात्र 15 जुलाई तक ऑनलाइन करवाएं बुकिंग: सुमन बहमनी

# मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी के तहत 2927 लोगों को मिलेंगे प्लॉट

*2023 में आवेदन करने वालों की सूची नगर निगम को मिली, जिन्हें अब 15 जुलाई तक ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


हरियाणा सरकार द्वारा किरायेदारों व बेघरों को घर देने के लिए चलाई गई मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी के तहत दूसरे चरण में नगर निगम क्षेत्र के 2927 आवेदकों को प्लॉट दिए जाएंगे। प्लॉट देने के लिए सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग शुरू की गई है। जिन आवेदकों ने सितंबर 2023 को रजिस्ट्रेशन कराया था। उनमें 2927 की सूची निगम के पास आई है। मेयर सुमन बहमनी ने उक्त जानकारी देते हुए लाभपात्रों को अपने आवेदन 15 जुलाई तक प्लॉट की ऑनलाइन बुकिंग करने के लिए आहवान किया है।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों के जिन बीपीएल परिवारों के पास अपना आवास नहीं है। उन्हें पक्का मकान बनाने को प्लॉट व फ्लैट देने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी शुरू की हुई है। योजना के तहत प्लॉट लेने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हाउसिंग फॉर ऑल विभाग पोर्टल पर 13 सितंबर 2023 को रजिस्ट्रेशन शुरू किए गए थे। अंतिम तिथि तक नगर निगम यमुनानगर जगाधरी एरिया के 10903 लोगों ने योजना के तहत प्लाट लेने के लिए रजिस्ट्रेशन किया था।

### 3139 की थी पहली सूची

इनमें से प्रथम चरण में 3139 आवेदकों की सूची जारी हुई थी। जिन्होंने हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के पोर्टल पर 15 फरवरी 2024 तक प्लाट के लिए बुकिंग कराई थी। जून 2024 में इन पात्रों को जगाधरी अनाज मंडी में कार्यक्रम आयोजित कर प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर अर्थात अंतिम आवंटन पत्र दिए गए थे। बाद में ड्रॉ के माध्यम से इन्हें जगाधरी के भटौली व जय सिटी के पास स्थित सेक्टर 22, 23, 24 व 26 में लगभग 30 वर्ग गज के प्लाट आवंटित किए गए थे। सितंबर 2023 में प्लॉट के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले आवेदकों में से अब सरकार द्वारा 2927 आवेदकों की सूची जारी की है। सभी आवेदकों को उनके मोबाइल पर संदेश भेजकर भी इसकी जानकारी दी गई है।

सरकार के हाउसिंग फॉर ऑल विभाग पोर्टल या वेबसाइट पर प्लॉट के लिए ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। जो आवेदक बुकिंग करने में असमर्थ हैं। वह कन्हैया साहिब चौक स्थित नगर निगम कार्यालय के कमरा नंबर 15 में संपर्क कर सूची में अपना नाम देखकर बुकिंग करा सकता है। प्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। बुकिंग कराने के बाद आवेदकों को अनंतिम आवंटन पत्र दिए जाएंगे। जिसके बाद में ड्रा के माध्यम से सभी आवेदकों को नगर निगम क्षेत्र में रहने के लिए प्लॉट आवंटित किए जाएंगे।


मेयर सुमन बहमनी।

### इन वर्गों के आवेदक कर सकते हैं बुकिंग

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि योजना के अनुसार सरकार की ओर से घुमंतू जाति, अनुसूचित जाति, विधवा महिलाओं को प्लॉट बुक करने की प्राथमिकता दी गई है। प्लॉट बुक करने के लिए आवेदक को दस हजार रुपये ऑनलाइन जमा कराने होंगे। घर मिलने के बाद आवेदक अपने मकान की राशि किश्तों में अदा कर अपने घर के मालिक बने जाएंगे।

### बिजली सरचार्ज माफी गरीब व मध्यमवर्ग के लिए बड़ी सौगात: कंवरपाल



यमुनानगर। पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की बिजली सरचार्ज माफी योजना 2025 एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने इस योजना के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। उन्होंने रविवार को जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि बिजली सरचार्ज माफी योजना आमजन विशेषकर गरीब एवं मध्यम वर्गीय उपभोक्ताओं के लिए एक बहुत ही राहतभरी सौगात है। जिससे हजारों परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। योजना को प्रदेश के सभी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी, नगरपालिका, ग्राम पंचायत एवं सार्वजनिक सेवा संस्थानों के उपभोक्ताओं के लिए लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना 11 नवंबर तक प्रभावी रहेगी।

पूर्व मंत्री ने बताया कि योजना के तहत 31 अगस्त 2024 तक के बकायेदार उपभोक्ताओं को सरचार्ज से पूर्ण राहत दी जा रही है। घरेलू व कृषि उपभोक्ता एकमुश्त मूलधन जमा कर सौ प्रतिशत सरचार्ज मापी और दस प्रतिशत की अतिक्ति छूट प्राप्त कर सकते हैं। वहीं किस्तों में भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी नियमित भुगतान की शर्त पर राहत मिलेगी। औद्योगिक व अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सरचार्ज की माफी दी जाएगी। यदि वे बाकी राशि का एकमुश्त भुगतान करते हैं। जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा चुके हैं उन्हें भी पुनः कनेक्शन जोड़ने की सुविधा इस योजना के तहत दी गई है।

इसके साथ ही गलत बिलिंग या न्यायालयों में लंबित मामलों को भी योजना के तहत निपटाया जाएगा। बशर्ते उपभोक्ता मामला वापस लें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीब हितैषी और जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। यह योजना बिजली उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से राहत देने के साथ साथ उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र, जिला यमुनानगर सहित पूरे हरियाणा के पात्र उपभोक्ताओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाए जाने की अपील की। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी व मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग इत्यादि मौजूद रहे।

---

## चोरों ने दो स्थानों से निर्माणाधीन मकान और दुकान से लाखों का सामान चुराया

**यमुनानगर।** जगाधरी में चोरों ने निर्माणाधीन मकान व दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- चोरों ने अशंल टाउन में मकान व जगाधरी में दुकान को बनाया निशाना

अंसल टाउन निवासी नरेंद्र ने पबताया कि वह अंसल टाउन में मकान का निर्माण करवा रहा है। पांच जुलाई को वह मकान से काम खत्म करके घर आ गया था। जब वह वापस अपने निर्माण धीन मकान में गया तो उसे वहां से बाथरूम की टोटियां, टावल स्टैंड, वॉश बेसन, गीजर व अन्य सामान गायब मिला। जिसकी कीमत करीब एक लाख रूपये है। उधर, दुर्गा गार्डन जगाधरी निवासी अनिल ने बताया कि उसने अपने घर में ही दुकान बनाई हुई है। चोरों ने उसके घर में घुसकर 40 टूंटियां व दुकान से पांच हजार रूपये चोरी कर लिए। जब वह घर पहुंचा तो उसे सामान बिखरा मिला। जांच करने पर सामान गायब था। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पूर्व कर्मचारियों की लंबित मांगों को जल्द पूरा करे प्रदेश की भाजपा सरकार: बड़शामी



**रादौर।** हरियाणा पेंशनर्ज वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों की मासिक बैठक रविवार को कांबोज धर्मशाला में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान ओमप्रकाश बड़शामी ने की। बैठक में वायुयान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने कहा कि उनकी पिछले लंबे समय से मांगे लंबित पड़ी हैं। जिन्हें सरकार पूरा नहीं कर रही है। सरकार से पेंशनर्स को 65, 70 व 75 वर्ष की आयु पर 5, 10 व 15 प्रतिशत बेसिक लाभ दिए जाने, पारिवारिक पैंशन पाने वालों को एलटीसी दिए जाने, कोर्ट निर्णय सभी पर लागू किए जाने,18 महीने का डीएआर का एरियर दिए जाने आदि मांगो को जल्द पूरा किए जाने की मांग की। मौके पर सोसायटी के सदस्य बलजीत सिंह, राजपाल, यशपाल शर्मा, अमृतलाल, रामेश्वर दास, नरोत्तम दास, कुलदीप शर्मा, रामचंद्र, कृष्णलाल, राजकुमार, चानन दास, मोलूराम, ऋषिपाल व बीर सिंह आदि मौजूद रहे।

- विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मिक शांति के लिए की प्रार्थना।

---

## बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक नौ जुलाई को व्यासपुर में होगी

**यमुनानगर।** डीएचवीबीएन बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली शिकायतों के निवारण को 9 जुलाई को व्यासपुर में फोरम का आयोजन किया जाएगा। उपभोक्ता कष्ट निवारण के चेयरमैन हीरालाल उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों का निवारण करेंगे। एसई नरेन्द्र कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित शिकायतों का समाधान 9 जुलाई को एक्शइन ओपी डिवीजन यूएचबीवीएन व्यासपुर में सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक किया जाएगा। जिसमें फोरम के चेयरमैन हीरा लाल बिजली संबंधित शिकायतें सुनकर उनका निवारण करेंगे। फोरम में बिजली से संबंधित समस्याओं का स्थानीय अधिकारियों से कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि दो साल से पुराने और कोर्ट केस तथा बिजली की चोरी से संबंधित केस इस फोरम में नहीं लिए जाएंगे। एसई नरेन्द्र कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से फोरम के समक्ष निर्धारित समय पर एक्सईएन ओपी डिवीजन यूएचबीवीएन व्यासपुर कार्यालय में पहुंचकर अपनी बिजली संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों को रखकर उनका निपटान करवाए जाने का अनुरोध किया है।

## जागरूकता में ही साइबर ठगी से बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जागरूकता में ही साइबर अपराधों से बचाव संभव है। जिसके लिए पुलिस निमयमित रूप से अभियान चला रही है, ताकि आमजन को साइबर ठगी से बचाया जा सके।

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने अपने कार्यालय में बातचीत के दौरान कहा कि जिलावासी किसी अनजान व्यक्ति द्वारा व्हाटसएप पर भेजे गए किसी भी फोटो या मैसेज पर पर क्लिक न करें। ऑनलाइन फ्राड और साइबर अपराधों से बचने के लिए जनता को जागरुक होना जरुरी है। पुलिस अलग अलग तरीकों से आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं, आम लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। इसमें फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग है। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं।



- किसी अनजान नंबर से व्हाट्सअप पर आए फोटो को न करें क्लिक: एसपी

साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों को कभी पेंसन स्कीम का लालच देकर तो कभी फर्जी लोन एप्प के माध्यम से, कभी बिना आर्डर का पार्सल भेजकर तो कभी कॉल फारवर्डिंग करके और कभी किसी व्यक्ति की ईमेल,व्हाटसएप या फिर फेसबुक आईडी को हैक करके शातिर उनको साइबर ठगी का शिकार बनाने से नहीं चुक रहे हैं। अगर ठगी हो जाए तो नेशनल साइबर हैल्पलाइन 1930 पर कॉल करें। यदि साइबर हैल्पलाइन पर समय रहते शिकायत की जाए तो आम आदमी की मेहनत की कमाई बचाई जा सकती है।

## लक्ष्मी चंद बने कांबोज सभा के प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



जिला कांबोज सभा की रविवार को शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर में बैठक हुई। जिसमें जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। वेद प्रकाश की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सुमेर चंद कांबोज ने भाग लिया। ओम प्रकाश चमरौड़ी ने बताया कि लक्ष्मी चंद कांबोज लक्सीबांस को प्रधान, वागिश कांबोज दोहली को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कमलदीप कांबोज कश्मीरगढ़ को उपाध्यक्ष, वेद प्रकाश कांबोज धानूपुरा को महासचिव, अमित कांबोज को जिला मीडिया प्रभारी, बीरबल कांबोज मानकपुर को सह मीडिया प्रभारी, राजेश कुमार संधाली को सचिव, ईश्वर लाल जयपुर को कोषाध्यक्ष, मास्टर राजपाल मंधार को ऑडिटर, जगमाल सिंह रतनगढ़ को वरिष्ठ सलाहकार, छोटू राम फतेहपुर को सलाहकार, राजीव आर्य, सीटू नंबरदार सिलीकलां, रविंद्र कांबोज, सुभाष कांबोज, सतबीर, अशोक कुमार, पंकज कांबोज, महेंद्र को कार्यकारिणी सदस्य चुना। बैठक में निगम पार्षद रुचि न नपा पार्षद राजीव आर्य, हेमराज कांबोज कुंजल, कृष्ण कांबोज बकाना व सीमा कांबोज को सम्मानित किया। बैठक में 31 जुलाई को मनाए जाने वाले प्रदेश स्तरीय शहीदी पर भी चर्चा की

---

## भाजपा ने मनाई डॉ. मुखर्जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा ने संघ के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती रविवार को जिले में सैंकड़ो बूथों पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सभी बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों, बूथ प्रभारियों, नेताओं व कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को नमन किया।

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया। जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिन्दुस्तान की सेवा करते हुए मां भारती के चरणों में शहीद हुए। उन्होंने एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया। इसके लिए उन्होंने देश को एक करने के लिए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की। कशमीर में धारा 370 का उन्होंने कड़ा विरोध किया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखिल भारतीय हिन्दू महासभा के प्रधान रहे व कलकत्ता यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर भी रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ मजबूत संघर्ष किया व शहीद हुए। जिले के सैंकड़ो स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने अपने छछरौली अनाज मंडी स्थित कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जनसंघ के संस्थापक स्वर्गीय डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार स्वर्गीय डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हरियाणा सहित सम्पूर्ण भारत वर्ष का विकास कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी,मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा,नरेंद्र सिंह राणा, विपुल गर्ग व रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्पित कर किया नमन।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान में संत संकीर्तन कार्यक्रम

## जीवन में विश्वास के बिना प्रभु की भक्ति असंभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति ने रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने साधकों को जीवन में विश्वास के महत्व को समझाया। मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

साध्वी नीलम भारती ने कहा कि विश्वास मन की वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना सकती है। हमें अपने जीवन में इस बात का अन्वेषण करना अति आवश्यक है कि हमारे विश्वास का आधार क्या है। यदि विश्वास का आधार नश्वर और नकारात्मक होगा तो कदाचित जीवन में उसका परिणाम भी नकारात्मक ही प्राप्त करेंगे। मगर विश्वास का आधार शाश्वत एवं अलौकिक हो तो वह मानव जीवन के लिए एक सीढ़ी का कार्य करता है । जो उसे जीते जी मुक्ति प्रदान करने के लिए पर्याप्त है। एक व्यक्ति जिसने अपने नेत्रों से कभी सूर्य को देखा ही नहीं है। लेकिन वह सूर्य के अस्तित्व पर विश्वास करता है। तो उस व्यक्ति के विश्वास का आधार अति दुर्बल है । जो क्षणिक संशय से ही ध्वस्त हो सकता है। लेकिन जो व्यक्ति सूर्य के अस्तित्व से भलीभांति परिचित है तो कदाचित वह किसी और के कहने से कभी भ्रमित नहीं हो सकता। क्योंकि उसका विश्वास सत्य की प्रत्यक्ष अनुभूति पर आधारित है।





बिना आत्म साक्षात्कार के जब मनुष्य परमात्म सत्ता में विश्वास करता है तो विपरीत परिस्थितियां अथवा किसी दूसरे संशय युक्त व्यक्ति का हस्तक्षेप ही उसके विश्वास को खंडित करने के लिए पर्याप्त होगा। ब्रह्मनिष्ठ गुरु से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करने के पश्चात जब एक साधक निरंतर ध्यान साधना की गहराइयों में उस परमात्मा के प्रकाश स्वरूप में दर्शन कर लेता है। तो कदाचित उसका विश्वास एक मजबूत चट्टान की तरह होता है। जो तीव्र भूकंप में भी स्थिर रहती है। साध्वी ने कहा कि एक साधक जो अपने मन वचन कर्म को गुरु के महान आदर्शों में ढ़ाल लेता है। तब परमात्मा की दिव्यता उसके रोम रोम से झलकती है और उसका सम्पूर्ण जीवन ही उस ब्रह्म सत्ता की अभिव्यक्ति हो जाता है। जब हमारी श्वास एक विशेष लक्ष्य को लेकर स्पंदित हो तो उसे ही विश्वास का नाम दिया जाता है। जैसे श्वास के बिना जीवन संभव नहीं है। वैसे ही विश्वास के बिना प्रभु भक्ति असंभव है। सत्संग के अंत में साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

## खबर संक्षेप



### प्रभात फेरी में जमकर झूमे श्रद्धालु

**पिहोवा।** सुबह की ताजगी, हवा में घुला भक्ति रस, और भक्तों की कदमताल के संग बजते भजन कुछ ऐसा ही दृश्य था पिहोवा की प्रभात फेरी का, जो रविवार को माँ बाला सुंदरी मंदिर में आयोजित हुई। इस आयोजन का सौभाग्य पंडित निर्भय पांडे परिवार को प्राप्त हुआ। भोर की पहली किरण के साथ जैसे ही वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज उठी, माहौल पूरी तरह आध्यात्मिकता में रंग गया। मंदिर का हर कोना जैसे अलौकिक ऊर्जा से भर गया।

### वन महोत्सव के उपलक्ष पर किया पौधरोपण



**कुरुक्षेत्र।** वन महोत्सव के उपलक्ष में सेक्टर-4 स्थित सत्य प्रकाश रोशा पार्क में रोशा परिवार की ओर से पौधारोपण किया गया। समाज को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वाह फाउंडेशन सेएडवोकेट जसवीर, नरेंद्र शयोकंद, सेक्टर 4 निवासी देवराज जैन, बलबीर सिंह रंगा, राजीव तंवर ने विशेष सहयोग दिया। परिवार की ओर से अशोक रोशा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड से राजेंद्र, मोहन वालिया, सुरेंद्र वालिया, प्रदीप रोशा आदि मौजूद रहे।

### हड़ताल में भाग लेगा संयुक्त किसान मोर्चा

**कुरुक्षेत्र।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 9 जुलाई को होने वाली ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल में कुरुक्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि जैसे देश की मेहनतकश जनता केंद्र व राज्य सरकारों की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है उसी तरह देश का किसान भी सरकार की इन कार्पोरेट परस्त नीतियों से परेशान है। खेती घाटे का सौदा बनी हुई है, इसमें लागत ज्यादा और आमदनी कम है। खराब हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलता।इस कारण किसानों पर कर्ज चढ़ जाता है।

## बागवानी क्षेत्र के प्रगतिशील 10 किसानों को 5100 रुपये, ट्राफी व प्रशंसा पत्र से नवाजा

# प्राकृतिक खेती से तैयार फसल को खरीदने के लिए स्थापित की अनाज मंडी : कृषि मंत्री

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम लाल राणा उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित 7वें फल उत्सव मेले में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। पौधरोपण करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसान द्वारा पैदा की फसल को खरीदने के लिए प्रदेश सरकार ने गुरुग्राम में अनाज मंडी तैयार की है। अनाज मंडी में फसल की क्वालिटी चैक करने के लिए एक लैब स्थापित की गई है। लैब में क्वालिटी तय होने के बाद गठित की गई कमेटी द्वारा फसल का भाव तय कर उसको खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि खनन से होने वाले गड्ढों का प्रयोग मछली पालने के लिए किया जाएगा। नई योजनाओं से हर वर्ग की आमदनी को बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2027 तक हमारा देश विश्व की तीसरी बड़ी शक्ति बन जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा रविवार को उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित 7वें फल उत्सव मेले में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने फल केंद्र परिसर में आम का पौधा रोपित किया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बागवानी क्षेत्र के प्रगतिशील 10 किसानों को 5100 रुपए, ट्राफी और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही मेले में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर आम की किस्म के बारे में विशेषज्ञ से जानकारियां प्राप्त की। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में एक लाख एकड़ में प्राकृतिक खेती करके फसलों को तैयार किया जा सके। अब तक 10 हजार एकड़ में किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती की जा रही है, ये दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि अच्छे अनाज को खाने से बीमारियों नहीं आएंगी और हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा। साथ ही समाज, प्रदेश व देश की तरक्की होगी।

हर वर्ग के व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य, परिवार और देश ही सबसे कीमती चीज होती है। इस कीमती चीज की सुरक्षा प्राकृतिक खेती से पैदा अनाज का सेवन करने से होगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वर्ष 2016 में लाडवा में इंडो इजराइल तकनीक के तहत उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र स्थापित किया गया था। इस केंद्र की 10 हजार पौधों से शुरूआत हुई थी, अब प्रतिवर्ष 1 लाख पौधों की पौध तो किसानों के लिए तैयार की जा रही है। साथ ही आम, लीची, नाशपाती, आडू व चीकू सहित छह फसलों पर अनुसंधान किया जा रहा है। इसके फल केंद्र में वैज्ञानिकों एक ऐसा आम का पेड़ तैयार किया जा रहा है, जिसके फल की मार्केट में करीब 1 लाख रुपए प्रति किलो कीमत मिल सकती है। साथ ही एक पौधे को छह कलमों से तैयार करके छह प्रकार के फल एक ही पेड़ से प्राप्त किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर साल लाडवा उप केंद्र से किसानों को एक लाख पौधे दिए जा रहे हैं।

### अंबाला में लीची और स्ट्रॉबेरी के लिए यमुनानगर में उप केंद्र स्थापित किया जाएगा

*मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने और परंपरागत खेती में बदलाव लाने के लिए प्रदेश में ऐसे 17 केंद्र खोले जाने हैं, जिनमें से 11 बनकर तैयार हो चुके हैं। जल्द ही अंबाला में लीची और स्ट्रॉबेरी के लिए यमुनानगर में उप केंद्र स्थापित किया जाएगा। किसानों के लिए गेहूं और धान की फसल के अलावा बागवानी, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, डेयरी व अन्य फसलों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से प्रदेश में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। युवाओं को बेरोजगारी से छुटकारा मिलेगा। आम हिंदुस्तान का फल है, पूरे दुनिया में हमारे भारत से ही आम की सप्लाई होती रही है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार किसानों के लिए योजनाएं बना रही है। योजना बनने के बाद किसानों की तरफ से जो समस्या, दिक्कत सामने आती है। उसे उसी हिसाब से योजना में परिवर्तन करके किसानों को लाभ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में किसान महत्वपूर्ण कड़ी है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए किसानों को अपनी परंपरागत खेती में बदलाव करते हुए कृषि के क्षेत्र को आगे बढ़ाने की जरूरत है। सरकार द्वारा किसानों की फसल का मार्केट में एमएसपी से कम भाव मिलने पर भावांतर भरपाई योजना के तहत क्षतिपूर्ति की जाती है। किसानों के घाटे को सरकार वहन करती है।*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, नगर पालिका रादौर अध्यक्ष रजनीश महता, बागवानी विभाग के एचओडी विशेष डॉ. अर्जुन सिंह सैनी, बागवानी विभाग के महानिदेशक डॉ. रणबीर सिंह, उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा के उपनिदेशक डॉ. राकेश कुमार, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. सिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी, बागवानी विशेषज्ञ डॉ. धर्मपाल सहित प्रदेशभर से पहुंचे किसान भी मौजूद रहे।

## शिक्षा कार्यों के लिए शिक्षाविदों की 12 सदस्यीय कमेटी का गठन



- जाट सभा की अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में वार्षिक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहर की प्रमुख संस्था अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में जाट सभा की वार्षिक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता धर्मशाला के प्रधान डॉक्टर कृष्ण श्योकंद ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जाट समाज ने नई कार्यकारिणी को जो जिम्मेदारी दी है उसे वे हर हाल में शिद्दत से निभाएंगे। जाट समाज की कार्यकारिणी शिक्षा खेल और स्वास्थ्य के लिए और ज्यादा बेहतर कार्य करने के लिए वचनबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को चुनावी मतभेदों को भुलाकर एक मंच पर आकर संस्था के हित में सेवा कार्य करना चाहिए। धन्ना भगत स्कूल की विवादित जमीन के मामले में उन्होंने कहा कि कानून के विशेषज्ञों से सलाह लेकर और समाज के लोगों से सलाह लेकर उचित कदम उठाए जाएंगे। 12 सदस्यीय कमेटी जरूरतमंद छात्रों के लिए फ्री कोचिंग की व्यवस्था करेगी। प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने बताया कि किसी भी प्रतिभाशाली छात्र को पैसों के अभाव में बेहतरीन कोचिंग से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बनी सिंह ढुल, गंगा बिशन सहारन, बलविंदर संग्रोहा, हरकेश लाल सहारन, होशियार सिंह बारवा, नरेंद्र सिंह नैन, रमेश मलिक, ऋषिपाल नैन, जितेंद्र कुमार कैन्दल, गुरदीप तंवर, कर्मवीर पूर्व सरपंच घराडसी , पूर्व प्रधान सुरेंद्र, बलकार मलिक सारसा, राजेंद्र हथीरा, टेकचंद पूर्व सरपंच हथिरा, साधुराम कोलेखां, राजपाल किरमच,, सुरेश सहारण इत्यादि उपस्थित रहे।

### अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था रवाना

**कुरुक्षेत्र।** 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा धार्मिक व सांस्कृतिक एकता के साथ सद्भावना का प्रतीक है। बाबा अमरनाथ की यात्रा का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है, जोकि धार्मिकता और सौहार्द को बढ़ाती है। मदन मोहन छाबड़ा ने धर्मनगरी से अमरनाथ यात्रा के जत्थे को ध्वजा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी और विश्वेश्वर बाबा अमरनाथ से सभी श्रद्धालुओं की सफल, सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।



### समर कैंप अंडर 12 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के नरकातारी रोड स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में समर कैंप अंडर 12 क्रिकेट प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए जिला कुरुक्षेत्र क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव एवं क्रिकेट खेल के विशेषज्ञ डॉ. दिनेश यादव ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को अपने खेल में निखार के लिए अपनी स्किल में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि आईपीएल जैसे आधुनिक खेल में ऑलराउंडर खिलाड़ियों की डिमांड बहुत ज्यादा रहती है। इसलिए युवा खिलाड़ियों को अपने बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण के साथ-साथ अपने फिटनेस स्तर में विशिष्टता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नरकातारी रोड़ स्थित क्रिकेट एकेडमी तथा मोहन नगर की केसीए एकेडमी के बीच अंडर 12 के खिलाड़ियों को लेकर त्रिकोणीय श्रृंखला आयोजित होगी। इसके साथ ही भविष्य में दोनों एकेडमी की क्रिकेट टीमों को जिले से बाहर भी प्रतियोगिताओं में खेलने का सुनहरा अवसर दिया जाएगा। इससे पहले खेल मैदान में नरकातारी रोड़ स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के कोच तरूण शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि हाल ही आयोजित समर कैंप अंडर 12 प्रतियोगिता में भीम टीम ने अर्जुन टीम को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।



### हजारों कर्मचारी लेंगे राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग : ओमप्रकाश

**कुरुक्षेत्र।** राष्टव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर कुरुक्षेत्र जिले की मीटिंग ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें विशेष तौर से राज्य कमेटी की ओर से संदीप सांगवान, राज्य उप महा सचिव सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन जिला सचिव अनिल कुमार सीटू ने किया। मीटिंग में तय किया गया कि सभी ब्लाकों में कर्मचारी जैसे पेहवा में पब्लिक हेल्थ दफ्तर के सामने 10 बजे से 4 बजे तक बैठेंगे। इसी तरह शाहबाद मा में हुड्डा पार्क जीटी रोड के साथ तथा लाडवा में पब्लिक हेल्थ दफ्तर के सामने व थानेसर में उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र में 10 बजे से 4 बजे तक बैठेंगे।

## रक्तदान विभिन्न संप्रदायों को जोड़ता : डॉ. शैलेंद्र

- अग्रवाल धर्मशाला में स्व. सुमेर चंद अग्रवाल की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

रक्तदान एक महान कार्य है जो विभिन्न संप्रदायों,धर्मों और समुदायों को जोड़ता है और यह कन्यादान से भी बड़ा और जीवन-दायी है। रक्त नालियों की जगह शरीर की नाड़ियों में बहना चाहिए। यह कहना है पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाई शैली का। वे आज स्थानीय रेलवे रोड अग्रवाल धर्मशाला में समाजसेवी एवं उद्योगपति स्व. सुमेर चंद अग्रवाल की स्मृति में आयोजित एक रक्तदान शिविर में बोल रहे थे। शिविर का आयोजन उनके पुत्र त्रय वेद भूषण, भारत भूषण एवं विनोद अग्रवाल ने किया था। रक्तदान से मिलने वाले फायदों की चर्चा करते हुए डॉ. ममगाईं ने बताया कि रक्तदान से शरीर की रोग- प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है, रक्त में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है हृदय आघात की संभावना में काफी कमी हो जाती है। नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन की मात्रा संतुलित रहती है, कैंसर जैसे घातक लोगों का खतरा कम हो जाता है;मोटापे से बचाव होता है और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में बेहतरी आती है। कार्यक्रम के आयोजक समाज सेवी वेद भूषण, भारत भूषण एवं विनोद अग्रवाल ने बताया कि उनके परिवार द्वारा पिछले 13 सालों से लगातार उनके पिता समाजसेवी सुमेर चंद अग्रवाल की स्मृति में जुलाई के पहले रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।

### 170 यूनिट रक्त एकत्रित

*इस अवसर पर 170 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया और सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा वित्त आयोग के सदस्य राजेंद्र वालिया, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा, अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के महासचिव राजेश सिंगला, चूरू जिला आबकारी एवं कराधान आयुक्त ओमप्रकाश गर्ग अग्रवाल सभा कुरुक्षेत्र के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता समाजसेवी मुरारी लाल अग्रवाल, समाजसेवी, लेखक एवं पत्रकार वैष्णवी ध्यानी, जन सेवा संस्थान के संस्थापक मास्टर जितेंद्र, सुमेरचंद अग्रवाल के परिजन अभिषेक अग्रवाल,अमित अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल,गौरव अग्रवाल, अन्नय अग्रवाल और समाजसेवी प्रदीप वालिया मौजूद थे।*

## छात्राओं को जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों के विषय में विस्तार दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




उदयन शालिनी फैलोशिप कुरुक्षेत्र के अंतर्गत बैच 20 की चयन परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र में किया गया। इसके माध्यम से मेधावी छात्राओं को फैलोशिप हेतु चयनित किया जाता है। परीक्षा की सुचारु व्यवस्था में संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा कोर कमेटी सदस्यगण डॉ. राम निवास, डॉ. रघुवीर तगेजा, डॉ.सीमा पांडे, दीपक चिब तथा विद्यालय की प्राचार्या चरनजीत कौर और 22 शालिनी फेलोज (स्वयंसेवक) का विशेष योगदान रहा। परीक्षा आरंभ होने से पूर्व सभी छात्राओं को एकत्र कर एक हॉल में बैठाया गया, जहाँ डॉ. सुषमा शर्मा एवं डॉ. रघुवीर तगेजा ने छात्राओं को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फैलोशिप की विशेषताओं, उपलब्ध अवसरों और इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों के विषय में विस्तार से बताया। परीक्षा में कुल 124 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागी छात्राएँ इस्माईलाबाद, लाडवा, पिपली, थानेसर, बरना, देवीदासपुरा, हरिगढ़, रतन डेरा, लोहारा, किर्मिच, कामोदा और मिर्ज़ापुर जैसे विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों से आई थीं। इन क्षेत्रों से मिली भागीदारी की। व्यापक पहुंच और ग्रामीण समाज में कार्यक्रम की स्वीकृति को दर्शाती है। परीक्षा समाप्ति के पश्चात सभी कोर कमेटी सदस्यों ने प्रतिभागी छात्राओं को चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें आत्मविश्वास, समर्पण तथा निरंतरता के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त, उदयन घर कोऑर्डिनेटर कनिका, काउंसलर मौसमी और आईटी ट्रेनर गीतांजलि का भी इस आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

### रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह का आयोजन

**लाडवा।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इंस्टालेशन चेयरमैन पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक हर किसी का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक होता है जिसके तहत लाडवा क्लब के 2025-26 के लिए चुने हुए प्रधानों का सत्र भी 1 जुलाई को शुरू हुआ जिसमें रोटरी प्रधान संजीव जिंदल व रोट्रेक्ट प्रधान गर्वित धवन शामिल हैं। उन्होनें बताया कि नवनिर्वाचित प्रधानों का पदग्रहण समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया जिसमें मंडल 3080 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## सेवा भारती के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जिला अध्यक्ष सेवा भारती के कृष्ण चंद रंगा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया



बाहरी स्थित महादेव गौशाला में सेवा भारती के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुनानगर से विशेष रूप से आमंत्रित विभाग प्रमुख सुरेश तथा बलबीर, जिला सेवा प्रमुख द्वारा की गई। जिला अध्यक्ष सेवा भारती के कृष्ण चंद रंगा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया व डॉ मनीश कुकरेजा सदस्य हरियाणा योग आयोग द्वारा गायत्री मंत्र का सामूहिक उच्चारण करके किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई जिनमें प्रमुख थे सेवावृत्तियों की संख्या बढाना, कार्य का विस्तार, प्रत्येक समिति में कम से कम एक आदर्श सेवा केंद्र का निर्माण, छटी से आठवीं कक्षा के लिए ट्यूशन सेंटर,सी एस सी सेंटर की स्थापना, समर्थ किशोरी विकास सेवा केंद्रों की स्थापना तथा सेवा निवृत्त कर्मचारियों की बैठकें कर उनका सहयोग लेना आदि। बैठक में हरि सिंह, योग राज, अमरजीत पांचाल जिला प्रचार प्रमुख, रमेश कुमार, मनजीत पंवार, बलबीर सिंह एडवोकेट, मनीशा देवी, संध्या, दीपा, लाखन सिंह, सेवानिवृत बैंक कर्मचारी नवीन बठला, रमेश चौहान, जोगी राम, नरेश सिरस्वाल व सचिन मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने बाहरी में स्थित महादेव गौशाला प्रबंधक समिति के द्वारा कराए जा रहे कार्य की सराहना की।

### गुरु के आश्रित रहना सुखदाई : स्वामी शक्ति देव

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर में स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले ने साप्ताहिक प्रवचन करते हुए प्रेरणा दी कि प्रत्येक इंसान को अपने गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित और आश्रित रहना चाहिए। गुरु आज्ञा का पालन करने वाले जीव के जीवन में कभी भी अप्रिय घटना नहीं हो सकती क्योंकि वह गुरु प्यार के आश्रित रहता है। उसे यह ज्ञान भी हो जाता है कि वह समस्त जगत के प्राणी कर्मों के आश्रित दुखों के आवागमन से बच नहीं सकते। इसीलिए पूर्ण रूप से आश्रित रहना ही महा सुखदाई है, जो कर्म जाल से मुक्त कर दुखों से सदा दूर रखते हैं। गुरुवाणी के आश्रित वहीं रह सकता है, जो गुरुवाणी तथा गुरु सेवा को ही सर्वोपरि मानता है। गुरु आज्ञा में रहने वाले के हृदय में परोपकार, दया, संतोष व प्राणियों के प्रति सेवा भाव आदि दिव्य गुणों का स्वत ही समावेश हो जाता है तथा गुरु प्यार से उसकी आत्मा जागृत हो जाती है, तब जीव का गुरु आत्मा से आत्मिक संबंध जुड़ने पर उसे आत्मानंद मिलने लगता है, जो आनंद केवल सभी आत्माओं के सृजक परमात्मा की शक्ति स्वरूप सद्गुरु ज्योति से ही पृथ्वी पर प्रकट रूप में ही मिलना संभव है। इसलिए हमें हमेशा गुरु चरणों के प्रति पूर्ण समर्पित और निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव ओंकार दरबार में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं और देश विदेश से श्रद्धालुजन पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर अतुल शर्मा, ऋषि राम शर्मा, राजेश दहिया, संजय मिड्ढा आदि मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। स्वामी शक्ति देव जी महाराज प्रवचन करते हुए।

**कार्यक्रम** सतयुग दर्शन ट्रस्ट व महाबीर सत्संग सभा की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

# 200 महिलाओं को नकद राशि व सामान देकर की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद और महाबीर सत्संग सभा द्वारा कुरुक्षेत्र में रविवार को जरूरतमंद महिलाओं की मदद के लिए विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत संस्था से जुड़े सदस्यों ने अपने एक माह का वेतन इस मदद के कार्य में दिया है। इसके फलस्वरूप 200 से अधिक महिलाओं को संस्था द्वारा नकद राशि, कपड़े और खाना दिया गया।

संस्था के पदाधिकारी एचसी मुंजाल ने बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट के निर्देशानुसार इस सेवा के कार्य का आयोजन किया गया है जिसमें 200 से अधिक महिलाओं की मदद की गई है। यह कार्य पूरे विश्व में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सेवा का कार्य निरन्तर जारी रहेगा। कहा कि यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। जरुरतमंद लोगों को घर-घर जाकर भी सामान दिया जा रहा है। कहा कि व्यक्ति के जीवन की असल पूंजी सेवा ही है। सेवा का यह कार्य निश्चित रूप से अद्भुत कार्य है।


कुरुक्षेत्र। जरुरतमंद लोगों को सामान देते ट्रस्ट के पदाधिकारी।


कुरुक्षेत्र। महाबीर सत्संग सभा में मौजूद जरुरतमंद महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29

**अंबाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौंला के प्रिंसिपल अजय कुमार लिमल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी के प्रवेश हेतू परीक्षा 2026 के अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक है। विद्यालय चयन परीक्षा की तिथि 13 दिसंबर 2025 है। अभ्यर्थी की आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होनी चाहिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अभ्यर्थी जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययन किया होना चाहिए।

### कष्ट निवारण समिति की मीटिंग 8 को

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 8 जुलाई को दोपहर बाद 2 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़े) विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान चयनित शिकायतों पर सुनवाई होगी। ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

### भर्ती के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा 10 को

**अंबाला।** भर्ती निदेशक कर्नल बीएस पांड्य ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेड्स मैन आठवीं पास और अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 10 जुलाई तक किया जाएगा।

### कृषि विकास योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत स्मैम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के अंतर्गत धान फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। धान फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने पर 65 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। इसमें ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2025 तक विभाग के पोर्टल पर कर सकते हैं ।

### रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह

**लाडवा।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इंस्टालेशन चेयरमैन पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक हर किसी का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक होता है जिसके तहत लाडवा क्लब के 2025-26 के लिए चुने हुए प्रधानों का सत्र भी 1 जुलाई को शुरू हुआ जिसमें रोटरी प्रधान संजीव जिंदल व रोट्रेक्ट प्रधान गर्वित धवन शामिल हैं।

## नालों की सही ढंग से सफाई न होने की वजह से कई इलाकों में हुए जलभराव

# बरसात से कॉलोनियों में जलभराव, मेयर ने सफाई अधिकारियों को लगाई फटकार

**मेयर ने कई इलाकों का किया मुआयना, स्थिति के लिए सीधेतौर पर अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार, तीन दिन भारी बरसात का अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** बरसात के बाद बाजारों में हुए जलभराव का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

रविवार को सुबह से घने बादल छाने के साथ ही जिले में रूक-रूककर बरसात हो रही है। इसकी वजह से कई रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। नगर निगम की ओर से इन कॉलोनियों से पानी निकालने की कसरत शुरू हो गई थी। हालांकि शाम तक ज्यादातर कॉलोनियों से बरसाती पानी की निकासी हो गई थी। सुबह 8 बजे कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। बारिश होने से उमसभरी गर्मी से निजात मिली है। पिछले दो दिन से उमसभरी गर्मी परेशान कर रही थी। शनिवार-रविवार रात को 33.5 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके कारण अंबाला शहर में कई जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। मौसम विभाग ने अंबाला, बराड़ा और नारायणगढ़ में 6 से 8 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही तेज हवा चलने के साथ बिजली गरजने की आंशका है। जुलाई माह के शुरुआत में मौसम में ठंडक हुई थी मगर तीन लगातार गर्मी रही। तापमान तो कम रहा, लेकिन उमस होने से गर्मी में पसीने छूट रहे थे। शहर में जलभराव वाले क्षेत्रों में नगर निगम की पंप लगाए गए हैं। यह निगम कर्मचारियों की ड्यूटी भी दिन व रात के हिसाब से तय की गई है। साथ ही सफाई शाखा के सहायक व सेनेटरी इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी तय की गई है। पिछले सप्ताह हुई बारिश से कई जगहों पर जलभराव हुआ था। कपड़ा मार्केट के दुकानदार भी निगम आयुक्त से बरसाती पानी की निकासी को लेकर मिले थे।

रविवार को बारिश रूकने के बाद मेयर सैलजा संदीप सचदेवा ने रविवार को मॉडल टाउन और करतार नगर के जलमग्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर सचदेवा ने नालों में जमी सड़ी-गली गंदगी, शराब की बोतल और दुर्गंध भरी दुर्दशा को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम कर्मचारियों को सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वहीं मौके पर खड़े होकर सफाई भी करवाई। मेयर सैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि नाले नगर की नसें हैं। अगर यह अवरुद्ध हो जाएं, तो पूरा शरीर जलभराव और बीमारी का घर बन जाता है। विशेषकर उन्होंने मॉडल टाउन में उन दुकानदारों को आड़े हाथों लिया जिन्होंने बरसाती नालों के ऊपर अवैध रैंप और अतिक्रमण किया है। मेयर ने कहा कि यदि नागरिक स्वयं नालों से अतिक्रमण नहीं हटाते तो निगम उसे नियमानुसार ध्वस्त करेगा और भविष्य में जलभराव की जिम्मेदारी उनके सिर होगी।

### इन इलाकों में भरा पानी

बरसात की वजह से रविवार को अंबाला शहर के मॉडल टाउन, करतार नगर, इंको अंडर ब्रिज, सेक्टर 8 व 9 के साथ मानव चौक व जगाधरी गेट एरिया में भी जलभराव हुआ। हालांकि कुछ देर बाद ही इन इलाकों से पानी निकासी का काम शुरू हो गया था। इसकी वजह से लोगों को भारी राहत मिली। सबसे ज्यादा पानी मॉडल टाउन की मुख्य सड़क पर जमा था। यहां कई दुकानों के सामने शाम तक पानी जमा रहा। निकासी न होने की वजह से यह स्थिति बनी।




कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

- विधायक राम कुमार कश्यप रहे कार्यक्रम के मुख्यअतिथि
- युवा शिक्षा के बल पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा कश्यप राजपूत सभा द्वारा आयोजित विद्यार्थी सम्मान समारोह 2025 रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में इंद्री विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा के प्रधान दर्शन सिंह कश्यप ने इस समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि राम कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। प्रदेश के युवा शिक्षा के बल पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं जो पारदर्शिता भाजपा सरकार की देन है। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रजत मलिक ने भी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक सोच ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने सभा की ओर से प्रस्तुत विशेष मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन में जगदीश कश्यप, साक्षी कश्यप, गीता देवी, ईश्वर सिंह सहित कश्यप समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर में 61 लोगों ने किया रक्तदान

- रोटरी क्लब व सन्नी आहलुवालिया फाउंडेशन ने लगाया शिविर
- प्रतेक वर्ष बेटे की याद में लगया जाता है शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोटरी अंबाला सेंट्रल एवं सन्नी आहलूवालिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 61 दानियों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेश बत्रा ने स्वयं भी रक्तदान किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि यह समाज में एकजुटता और मानवीय मूल्यों को भी प्रोत्साहित करता है। प्रत्येक वर्ष यह शिविर पूर्व रोट्रेक्ट प्रेजिडेंट सन्नी आहलूवालिया की याद में लगाया जाता है।

जिसमें उनके परिवार द्वारा गठित सन्नी आहलूवालिया चैरिटेबल फाउंडेशन मुख्य सहयोगी रहते हैं। सनी आहलूवालिया के पिता रोटेरियन प्रीत मोहिंदर पाल सिंह ने बताया कि उनके बेटे की याद में यह शिविर लगवाते आ रहे हैं। आगे भी इस प्रकार के शिविर लगातार करवाए जाएंगे।

# नप को खुद फंड जुटाने के आदेश, 16 करोड़ के फंड का प्रस्ताव खारिज

- शहरी स्थानीय निकाय ने नगर परिषद का प्रस्ताव वापिस भेजा, आदेश के बाद कई सदस्यों ने रोष, प्रस्तावित मीटिंग में हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने अंबाला छावनी के 32 वार्डों के विकास के लिए मांगे गए 16 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। छावनी में नगर परिषद के चुनाव के बाद अध्यक्ष ने सभी वार्डों में विकास कार्य कराने के लिए इस धनराशि की मांग की थी। इसमें तय किया गया था कि प्रत्येक वार्ड के पार्षद के द्वारा अनुमोदित विकास कार्यों पर 50 लाख रुपये खर्च जाएंगे। इसके लिए मुख्यालय से बजट मांगा गया था। मुख्यालय ने बजट देने के बजाय नगर परिषद को नसीहत दे दी कि वह खुद के प्रबंधन से फंड जुटाए। इससे नपा सदस्य में रोष बढ़ गया है। मुख्यालय स्तर पर भेजे प्रस्ताव के एवज में उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि नगर परिषद अपने स्तर पर फंड जुटाए।

इस संबंध में वित्तीय कमेटी की बैठक में संबंधित वार्ड सदस्यों से सुझाव मांगे गए हैं ताकि नप के राजस्व में बढ़ौतरी हो सके। हालांकि यह कमी संपत्ति कर की प्राप्ति से हो सकती है क्योंकि लगभग पांच करोड़ रुपये का संपत्ति कर छावनी के निवासियों पर लंबित है। बता दें कि अंबाला छावनी के 32 वार्डों में लंबित विकास कार्यों को पूरा करने के लिए सदस्यों की तरफ से लिखित में जानकारी दी गई जोकि लगभग 200 के करीब हैं। इनमें गलियों व नालियों का निर्माण, स्ट्रीट लाइटें और वार्ड स्तर पर डस्टबिन आदि उपलब्ध करवाए जाने थे। लेकिन अब उन्हें नए सिरे से जरूरी कार्यों की सूची को तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर परिषद के वार्ड नंबर 29 के सदस्य सुधीर जयसवाल ने बताया कि 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का बखान जोरों-शोरों से तो किया गया लेकिन यह सिरे नहीं चढ़ पाया। इस कारण उनके द्वारा दी गई विकास कार्यों की सूची पर काम नहीं हो पाया। इस मुद्दे को लेकर भी कुछ सदस्य लामबंद होते नजर आ रहे हैं। 11 जुलाई को होने वाली बैठक में भी यह मुद्दा चर्चा का विषय बन सकता है।

# कैंटोनमेंट बोर्ड के खिलाफ तोपखाना परेड के लोगों ने शुरू किया आंदोलन, पहरे पर डटी महिलाएं

- आंदोलनकारियों का आरोप 21 एकड़ जमीन पर खड़ी फसल को बोर्ड अधिकारियों ने जेसीबी चलाकर किया बर्बाद, 800 लोग हो गए बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विरोध प्रदर्शन करते तोपखाना परेड़ के लोग।

कैंटोनमेंट बोर्ड में फसल बर्बाद करने वालों के खिलाफ तोपखाना परेड के लोगों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। पीड़ितों ने बाकायदा टेंट लगाकर विरोध प्रदर्शन भी शुरू कर दिया है। खेती बचाने के लिए धरना दे रहे लोगों का कहना है कि एक ही झटके में कैंटोनमेंट बोर्ड ने तोपखाना परेड के 800 लोगों को बेरोजगार कर दिया है। जब से फसल को नष्ट किया है, उनके घरों में चूल्हा नहीं जला है। कुछ बड़े बुजुर्ग तो इस कार्रवाई से इतने सदमे में हैं कि वे बीमार हो गए हैं। वहीं, युवाओं में भी काफी रोष नजर आ रहा है। दरअसल तोपखाना परेड में 21 एकड़ जमीन को लेकर अब स्थानीय निवासी खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कैंटोनमेंट बोर्ड की तारबंदी का विरोध करने ठीकरी पहरा शुरु कर दिया है और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं ने संभाली है। इसके लिए उन्होंने जमीन के आसपास टैंट भी लगा दिया है ताकि अगर बोर्ड की टीम आए तो उसे शांतिपूर्ण तरीके से तारबंदी करने से रोका जा सके। प्रबुद्ध लोगों एक प्रतिनिधिमंडल भी तैयार किया है जो मुख्यमंत्री से मिलकर मदद की गुहार लगाएंगे ताकि खेती और मजदूरी के लिए उपलब्ध करवाई गई जमीन पर बोर्ड अपना कब्जा न ले सके। बरसों पहले इस जमीन को अंग्रेजों ने श्रमिकों को बसाने के लिए खेती पर दिया था। इसके बाद कैंटोनमेंट बोर्ड ने अंग्रेजों के कार्यकाल के बाद अपने अधीन ले लिया। इसे बाद में यहां के लोगों को छह हजार की लीज पर दे दिया गया।

# मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल नेशनल प्रिंसिपल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना




मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुमन पाहवा को चंडीगढ़ में आयोजित शिक्षा उत्कृष्टता समारोह में 'रविंद्रनाथ टैगोर नेशनल प्रिंसिपल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।इस प्रतिष्ठित सम्मान से डॉ. पाहवा के दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षा के प्रति समर्पण और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए उनके सतत प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है। कार्यक्रम में देशभर से शिक्षा क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। शिक्षा में नवाचार व नेतृत्व की दिशा में डॉ. पाहवा के योगदान की सराहना की गई। पाहवा ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा, /"यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि पूरे मैवेरिक्स परिवार का है। हमारा उद्देश्य शिक्षा को सिर्फ ज्ञान तक सीमित न रखकर, छात्रों को विचारशील, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल को केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि एक विचारशील केंद्र के रूप में विकसित किया है। यहां समग्र शिक्षा, नैतिक मूल्यों, और आधुनिक सोच को समान रूप से महत्व दिया जाता है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर रेलवे ने दिए जरुरी निर्देश, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रेलवे की ओर से कांवड़ यात्रा को लेकर जरुरी निर्देश जारी किए गए हैं। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से रोजाना 10 ट्रेनें हरिद्वार की तरफ रवाना होती हैं। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू हो जाएगी। पंजाब, हिमाचल और और हरियाणा के अन्य जिलों से कांवड़िए ट्रेन से हरिद्वार जाएंगे और गंगा जल लेकर लौटेंगे। इस बार रेलवे ने भी कांवड़ यात्रा को देखते विशेष प्रबंध करने का फैसला किया है ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। इस व्यवस्था की जिम्मेदारी जीआरपी और आरपीएफ के हवाले होगी। वे भक्तों का मार्गदर्शन करेंगे और उनकी समस्या का समाधान भी करेंगे। उनकी टीमें गंगा जल की पवित्रता का भी ध्यान रखेंगी। इसके लिए टीमों के गठन की तैयारी, ट्रेनों को चिह्नित करना, स्टेशन पर और ट्रेनों में कर्मचारियों की तैनाती और मदद के लिए भी सुरक्षा कर्मी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बता दें कि अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से रोजाना 10 ट्रेनें हरिद्वार की तरफ संचालित हो रही हैं। इनमें ट्रेन नंबर 14610 हेमकुंट एक्सप्रेस, 14632 अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस, 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस, 14626 फिरोजपुर-हरिद्वार एक्सप्रेस, 14606 जम्मूतवी-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 14815 श्रीगंगानगर-ऋषिकेश एक्सप्रेस, 12054 हरिद्वार जनशताब्दी, 14717 बीकानेर-हरिद्वार एक्सप्रेस, 64512 ऊना हिमाचल-हरिद्वार एक्सप्रेस व ट्रेन नंबर 19271 भावनगर- हरिद्वार एक्सप्रेस शामिल हैं।

## हर नर्सरी का डाटा ऑनलाइन, घर बैठकर पता चलेगा किस नर्सरी में कौन से पौधे उपलब्ध

# बरसाती सीजन में 14.82 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

- 12 नर्सरियों में तैयार हुई पौध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



इस साल बरसाती सीजन में वन विभाग की ओर से पूरे जिले में 14 लाख 82 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए तीन हिस्सों (रेंज) में बांटा गया है। कुल 12 नर्सरी तैयार की गई हैं। अब लोग घर बैठे यह जान सकेंगे कि किस नर्सरी में कौन-कौन से पौधे उपलब्ध हैं। इसके लिए वन विभाग ने नर्सरियों का सारा डाटा ऑनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएफओ राजेश माथुर ने बताया कि मानसून की शुरुआत के साथ ही पौधारोपण अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में सामाजिक संगठनों की भी मदद ली जा रही है ताकि को और ज्यादा हरा-भरा बनाया जा सके। वन विभाग का कहना है कि डिजिटल तरीके से अभियान और बेहतर तरीके से चलाया जा सकेगा। जल्द ही पोर्टल पर सभी नर्सरियों की जानकारी उपलब्ध करवा दी जाएगी। डीएफओ ने बताया कि वन विभाग की ओर से जिला की तीन रेंज में 12 नर्सरी तैयार की हैं। जिनमें से संगठन समेत अन्य लोग भी पौधे ले सकते हैं। इनमें काफी लोग अपनी जेब खर्ची से भी पौधे लगाते हैं। वन विभाग की ओर से स्कूलों को भी पौधे मुफ्त दिए जाएंगे। इसके साथ पंचायतों की ओर से भी पौधरोपण कराया जाएगा। पंचायतों को जल शक्ति अभियान के तहत पौधे बांटे जाएंगे। 2016 के बाद से अब तक अंबाला कैथल हाईवे के निर्माण के दौरान कई हजार पेड़ काटे जा चुके हैं। जबकि इन सालों में इन जगहों के पास इतने पेड़ तैयार नहीं हो पाए हैं। क्षेत्र में वन विभाग की 12 नर्सरी हैं। इनमें पौधे तैयार हो चुके हैं। अंबाला रेंज में जनसुई, नसीरपुर और रामपुर हैं। नारायणगढ़ रेंज में बड़ागढ़, छोटी बस्सी, काठे माजरा, कोहड़ा भूरा और मानकपुर हैं। साहा रेंज में अधोया, गगनहेड़ी, साहा और सोहाना में नर्सरी हैं। माथुर ने बताया कि लोगों को अपने नजदीक की नर्सरी में जाकर एक पौधा मिल सकेगा। वह अपनी नजदीक की नर्सरी से किसी भी किस्म के उपलब्ध पौधे ले सकेंगे। वन विभाग की ओर से सभी नर्सरी इंचार्ज को इसके लिए निर्देशित किया गया है। वन विभाग इस साल अलग श्रेणी में, जिनमें एग्रो फोरेस्ट्री के चलते किसानों की जमीन पर 2 लाख 31 हजार पौधे लगाएगा। शहरी क्षेत्र में सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट पर 1250 पौधे लगाए जाने की प्लानिंग की गई है। आरडीएफ स्कीम यानि सरकारी जमीन पर साढ़े 28 हजार पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, 930 हेक्टेयर में 9 लाख 82 हजार 250 पौधे लगाने की तैयारी की जा रही है।